तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



10 बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला ...



14 32 हजार के वाटर जग खरीदी में भ्रम फैलाकर...




## खबर संक्षेप

### 48 नाटों का हुआ बधियाकरण



**खरोरा** | पशु चिकित्सालय खरोरा के अधीन ग्राम कनकी में, बधियाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के कुल 48 नाटों का बधियाकरण किया गया। साथ ही 89 पशुओं के लिए कृमिनाशक दवाई एवं 56 पशुओं के लिए जू नाशक दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. रश्मि गुप्ता, के. आर. दीवान, सी. एल. देवांगन, मुनीष साहू, कमलेश वर्मा, यश कुमार साहू, समस्त चरवाहों में बल्ला यादव, साहिल यादव, संतोष यादव, प्रमोद वर्मा, विशुन्न वर्मा, संजय वर्मा एवं ग्राम के सरपंच दुर्गेश वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

### धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

खरोरा। थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत शीतला मंदिर के पास आम जगह पर एक लड़के अपने पास चाकू रखकर लहराते हुये आने-जाने वाले लोंगो को डरा धमका रहा है। मुखबीर के बताये स्थान पर उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे नाम पूछने पर अपना नाम ताराचंद यादव उर्फ गड्डा पिता स्व. अलख राम यादव उम्र 28 वर्ष पता खरोरा वार्ड क्र. 8 थाना खरोरा जिला रायपुर का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे धारदार चाकू बरामद कर आरोपी ताराचंद यादव के विरूद्ध अपराध क्रमांक 468/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



### सर्व युवा यादव समाज जिला स्तरीय बैठक आज

**पलारी** | शनिवार 19 जुलाई को सर्व युवा यादव समाज का जिला स्तरीय बैठक गायत्री मंदिर पलारी में युवा जिलाध्यक्ष उमेश यदु के नेतृत्व में रखा गया है, जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री लोकेश यदु, प्रदेश संगठन मंत्री प्रशांत यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश यादव साथ ही पूरे जिले भर से सर्व युवा यादव समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उक्त जानकारी पलारी सर्व युवा समाज अध्यक्ष मिनेन्द्र यादव ने दी।

### रोजगार पंजीयन में आधार लिंक कराना अनिवार्य

**बलौदाबाजार** | जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलौदाबाजार में वर्ष 2024 के पूर्व पंजीकृत आवेदकों को रोजगार पंजीयन हेतु आधार के साथ लिंक कराना होग़ा। रोजगार पंजीयन क्रो आधार से लिंक कराने के लिए ऑनलाइन वेबसाइट पर अथवा प्ले स्टोर में छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से अथवा जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में कार्यालयीन दिवस में अपने दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर करा सकते हैं।

# सकरी का रपटा पुल बना संकट का सबब, बारिश में जलस्तर बढ़ा, आवाजाही ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत सकरी में स्थित बिछलवा नाला पर बना रपटा पुल अब पूरी तरह जर्जर और रेड ज़ोन में आ चुका है। क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नाले का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिससे पुल के दोनों ओर की मिट्टी बह चुकी है और आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है।

■ दो साल से निर्माण की मांग, प्रशासन बना अनजान दर्शक

इस रपटे के क्षतिग्रस्त हो जाने से नवापारा से सकरी तक पहुँचने वाले राहगीरों, विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों को लगभग 10 से 15 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। यही मार्ग ग्राम पंचायत सकरी, सतभावा, भैंसा, करेली होते हुए जनपद पंचायत तिल्दा और आगे राजधानी रायपुर तक जाता है, जो कि एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। स्थानीय नागरिकों की मानें तो इस पुल के निर्माण की मांग पिछले दो वर्षों से की जा रही है, लेकिन शासन और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामवासियों का कहना है कि शासन की इस अनदेखी के कारण सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं, तहसील सुहेला और जिला ▶▶ शेष पेज 10 पर

### 10-15 किमी अतिरिक्त सफर कर रहे ग्रामीण



#### मार्ग का पुनर्निर्माण की अपील

ग्राम पंचायत सकरी, संतभावा, भैंसा, करेली एवं नवापारा के ग्राम पंचायत सकरी सरपंच कविता दिनेश वर्मा, उप सरपंच केदार वर्मा, भूतपूर्व सरपंच धर्मेंद्र बघेल, पुसउ निषाद केदार वर्मा, मुकेश वर्मा, नारायण कुमार युवा नेता इंद्रजीत वर्मा, दीपक वर्मा, प्रगतिशील किसान संजू वर्मा, जीवनलाल वर्मा सुंदरलाल वर्मा, सूरज निषाद, राकेश रजक एवं सभी ग्रामीणों की ओर से शासन को यह अपील की जा रही है कि जल्द से जल्द इस मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जाए।



## सियासत : चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को बताया राजनीति से प्रेरित

# ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के विरोध में कांग्रेसजनों द्वारा प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी सहित कांग्रेसजनों ने उक्त गिरफ्तारी को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि कांग्रेस और भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए किए जा रहे संघर्ष और भाजपा के जनविरोधी नीतियों को उजागर करने की लड़ाई को दमन करने हेतु किया गया है उक्त गिरफ्तारी भाजपा सरकार के इशारों पर ईडी ने तानाशाही रूप से किया गया है।

### ये रहे शामिल

उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में सुरेंद्र जायसवाल, अनिल साहू, निखिलेश त्रिवेदी, दुजेराम यादव, लखेश साहू, गणेश शंकर साहू, दीपक साहू, तरुण खटकर, कमलेश्वर यदु, गोल्डी मर्रेया, सूर्यकांत वर्मा, जय ठाकुर, जय नायर, जय बाघमार, राहुल नेगी, राजा वर्मा, राहुल पांडेय आदि शामिल थे।



### ईडी के खिलाफ कांग्रेस ने पारित किया निंदा प्रस्ताव

पलारी। शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी ने आवश्यक बैठक कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर ईडी की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा की गई जिसे कांग्रेस ने द्वेषपूर्ण बताते हुए निंदा प्रस्ताव पारित की गई।कार्यकर्ताओं ने इस कार्यवाही को पूरी तरह राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित बताया और कहा कि ईडी अब पूरी तरह केंद्र सरकार की कठपुतली बन चुकी है। यह कार्यवाही लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला है। बैठक में यह भी निंदा की गई कि ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को भी हिरासत में लिया गया जो निंदनीय और असंवैधानिक है। इस अवसर पर सुमित्रा घृतलहरे अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, हितेन्द्र ठाकुर पूर्व अध्यक्ष, पदमेश्वरी साहू पूर्व जिपं सदस्य, शैलेन्द्र बंजारे जिला पंचायत सदस्य, रवि बंजारे जिला पंचायत सदस्य, गोपी साहू पलारी नगर अध्यक्ष, पिंटू वर्मा उपाध्यक्ष, सुनील कुमार साहू, प्रवीण धुरंधर, लोकेश कन्नौजे, रोहित साहू, झड़ीराम कन्नौजे, लेखराम गनहरे, कमलेश साहू, गुलाब यद्दु, रिंकू साहू, रामानंद साहू, कांशीराम धृतलहरे, धर्मेंद्र रात्रे, केदारनाथ वर्मा,अंकीत जोशी, शिवम मिश्रा, पुनीत निषाद, राजकुमार साहू आदि कांग्रेसजन के उपस्थित रहे।



### ईडी की छापेमारी सियासी षड्यंत्र : सुशील

भाटापारा । प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भाजपा सरकार के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विधानसभा में आवाज दबाने के लिए ईडी द्वारा उसके घर में छापा डालने व उनके सुपुत्र चैतन्य बघेल को गिरफ्तार करने की घटना को सुनियोजित षडयंत्र बताते हुये इस घोर निंदनीय कृत्य की तीव्र निन्दा की है । सुशील शर्मा ने आगे कहा कि यह सब कृत्य विधानसभा में पूर्व सीएम के सवालों का जवाब नहीं दे पा रही विष्णु देव साय की सरकार की पोल खोलने वाले जननेता भूपेश बघेल की आवाज को दबाने के लिए केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी का छापा डालकर परेशान किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में जो छत्तीसगढ़िया वाद चलाया उससे भाजपा के लोग डरे हुए हैं और उनके द्वारा चलाई गई जनहित की योजना को एक-एक कर बंद कर दिया गया है जो छत्तीसगढ़ जनता के खिलाफ घोर अन्याय है। प्रदेश की जनता भाजपा की विष्णु देव साय सरकार को कभी माफ नहीं करेगी।शर्मा ने आगे कहा कि प्रदेश की साय सरकार रिमोट से चल रही है। पर्दे के पीछे से इसे केंद्र सरकार स्वयं चला रही है। यही वजह है कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश हित में कोई फैसला नहीं ले पा रहा है। महतारी वंदन ▶▶ शेष पेज 10 पर



■ चैतन्य की गिरफ्तारी घोर निंदनीय

# पशु मालिकों को अपने पशुओं की सुरक्षा व रखरखाव की लेनी होगी जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी क़्री अध्यक्षता में गुरुवार क़्रो सड़क सुरक्षा, घुमन्तु पशुओं के प्रबंधन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 ग्रामीण के सम्बन्ध में जिला पंचायत सभाक़्रक्ष में जिला स्तरीय बैठक क़्रा आयोजन किया गया। बैठक में पशुओं के कारण होने वाले सडक दुर्घटना पर नियंत्रण हेतु प्रथम चरण में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य मार्ग के समीप स्थित 52 ग्राम पंचायतों में घुमन्तु पशुओं के प्रबंधन एवं पशु मालिकों द्वारा अपने पशुओं क़्री सुरक्षा व रखाव पर विस्तृत चर्चा क़्री गई।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय एवं राजकीय मार्ग में पशुओं के विचरण एवं बैठने के कारण सड़क सडक दुर्घटना बढ़ रही है जिसमें कभी- कभी जनहानि एवं पशुहानि भी हो जाती है। यह एक गंभीर समस्या है और इसके समाधान के लिए जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पशुमालिक एवं स्वयं सेवी संगठनो का आपसी समन्वय आवश्यक होग़ा।कलेक्टर सोनी ने पशु चिकित्सा विभाग द्वारा घुमन्तु पशुओं पर लगाए रहे रेडियम बेल्ट क़्री ▶▶ शेष पेज 10 पर

### 52 ग्राम पंचायतों का किया चिन्हांकन

राष्ट्रीय राजमार्ग और राजकीय राजामार्ग में पशुओं के कारण सड़क दुर्घटना नियंत्रण के लिए प्रथम चरण में इन मार्गो के पास स्थित 52 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया गया है। इन पंचायतों में पशु मालिकों क़्रो अपने पशुओं क़्री सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी लेनी होगी। पंचायत एवं पशु मालिक आपसी समन्वय पर पशुओं क़्रो चराने ले जाने क्षेत्र निर्धारित करें एवं चराने के लिए पशु मितान क़्री ब्यवस्था करें। जो पशु मालिक अपने पशुओं क़्रो सड़क पर छोड़ेंगे उन पर जुर्माना लगाएं। उन्होंने बताया कि 4 से 5 ग्राम पंचायतों के लिए एक काऊ कैचर क़्री व्यवस्था क़्री जाएगी जिससे सड़क से पशुओं क़्रो हटाकर अन्य स्थान ले जाया जा सके।

# भाटापारा में अवैध शराब बिक्री और चखना सेंटरों पर पुलिस का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर व ग्रामीण थाना पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाया गया छापामार अभियान जिसमें शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के 10 लोगो के खिलाफ आबकारी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत कार्यवाही की गई, अभियान में सार्वजनिक स्थानों में बैठकर शराब पीने वाला एवं अवैध चखना सेंटर का संचालन करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।अभियान में पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री करने, सार्वजनिक स्थल में शराब पीने ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ 10 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

### आरोपियों के नाम

रवि शंकर पटेल (29) के.के. वार्ड, खिलावन ध्रुव (59) नेहरू वार्ड, राजू साहू (22) नयागंज वार्ड, सुनील गेण्डरे (40) महासती वार्ड, प्रमोद धृतलहरे (55) महासती वार्ड, सुधतीन बघेल (50) महासती वार्ड दीनानाथ ढीमर (50) नयापारा, नकछेद साहू (50) ग्राम तरेंगा, चंदन जांगडे (23) ग्राम सोनबरसा, रमेश्वर जांगड़े (21) वर्ष ग्राम सोनबरसा।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आए तीन युवक, दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार शहर से लगभग 10 किमी दूर स्थित ग्राम सलौनी (भाठागांव) निवासी 2 युवकों की शुक्रवार रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है वही एक युवक गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

■ ट्रैक्टर में नहीं थी हेडलाइट अंधेरे में हुई आमने-सामने टक्कर

ग्रामीण मिथलेश पाल ने बताया कि रात लगभग 8 से 10 बजे के बीच बलौदाबाजार शहर की ओर से बाइक में सवार होकर तीन युवक ग्राम सलोनी(भाठागांव) की ओर जा रहे थे वहीं सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर में अपने सामने भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर की हेड लाइट नहीं जल रही थी जिसकी वजह से सड़क पर काफी अंधेरा था इस लिए ट्रैक्टर और बाइक आमने सामने टक्कर हो गए। इस पूरी में बाइक सवार युवक उमाशंकर ध्रुव 27 व दीपेंद्र ध्रुव 14 की मौके पर ही मौत हो गई वही यशवंत ध्रुव 19 घायल है जिसका अस्पताल जिला अस्पताल में चल रहा वही घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक फरार है। घटना के बाद मृतकों के शव को जिला अस्पताल लाया गया है। रात होने की वजह से मर्चुरी में रखा गया सुबह पोस्टमार्टम करने के बाद मृतकों को परिजनों को सौंपा जाएगा।





### मुआवजे की मांग को लेकर पहुंचे ग्रामीण

घटना की जानकारी मिलते है बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पहुंचे व प्रशासन से दोषियों की गिरफ्तारी व घायल व मृतकों के परिजनों के परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। चूंकि जिला अस्पताल में कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं होने की वजह से अपनी मांगो को लेकर ग्रामीण देर रात तक अस्पताल में बैठे रहे।







## एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 : उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने किया पौधारोपण

# हम भी प्रकृति और समाज के लिए दें अपना योगदान: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वन मंडल द्वारा ग्राम कोसमंदा में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सहाभागिता कर वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। शिवरतन शर्मा ने कहा की वृक्षारोपण केवल पर्यावरण को हरा-भरा करने का कार्य नहीं, बल्कि यह धरती माँ के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक और भावी पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है। इस सार्थक पहल के माध्यम से हरियाली को समर्पित एकजुट प्रयास किया, जो जलवायु संतुलन और जैव विविधता को सहेजने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ ▶▶ शेष पेज 10 पर



### पौधों को लगाने के साथ उनकी देखरेख भी जरूरी

शिवरतन शर्मा ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुखद और स्वस्थ हो, इसके लिए पौधे लगाना जरूरी है। पौधों को लगाने के साथ साथ उनकी देखरेख भी जरूरी है। शिवरतन शर्मा ने घटते जलस्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की बात कही। शर्मा ने कहा कि प्रकृति और समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है। यह हमारा भी कर्तव्य है कि हम भी प्रकृति और समाज के लिए अपना योगदान दें.


बालाजी प्रा. आई.टी.आई

ITI ▶ BHATAPARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा

89595-93918 • 98261-76302

स्थापना वर्ष 2014
VIPS VISION PARAMEDICAL
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### ईडी के विरोध में कांग्रेस का पुतला दहन प्रदर्शन आज

**बलौदाबाजार।** केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार पर की जा रही कथित द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार-भाटापारा द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस क्रम में आज 19 जुलाई 2025, शनिवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय अंबेडकर चौक, बलौदा बाजार में ईडी का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कांग्रेस जनों का आरोप है कि यह कार्यवाही भाजपा शासित केंद्र एवं राज्य सरकारों के राजनीतिक दबाव में की जा रही है, जो पूरी तरह अलोकतांत्रिक और दमनकारी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से इस विरोध कार्यक्रम में ससम्मान उपस्थित होने की अपील की है।

### महराजी परिवृत में जल-जंगल यात्रा का आयोजन

**बलौदाबाजार** | वन परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत महराजी परिवृत में शुक्रवार क़ो जल-जंगल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील सहित परिक्षेत्र के अधिकारी हायर सेकेंडरी स्कूल गिरौदपुरी के विद्यार्थी और ग्राम महराजी के ग्रामीण शामिल हुए। विद्यार्थियों और ग्रामीणों को वनमण्डलाधिकारी द्वारा वन भ्रमण कराया गया जिसमें वनों से आने वाले नालों से कैसे भूजल को संरक्षित किया जाए, विभिन्न प्रकार के वन्य वृक्ष प्रजातियों, वन्यप्राणियों के बारे में जानकारी दिया गया ।

# अभियान : खाकी टॉक्स के जरिए साइबर ठगी पर पुलिस का वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के तहत खाकी टॉक्स कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में तृतीय एपिसोड के तहत आज दिनांक 18 जुलाई को दोपहर 3 बजे से 04.30 बजे तक बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव रहकर भावना गुप्ता एवं फाइनेंशियल एक्सपर्ट प्रतीक जॉन द्वारा साइबर ठगी के तरीकों एवं उनसे बचाव के संबंध में व्याख्यान दिया गया। इस दौरान बलौदाबाजार पुलिस फेसबुक पेज को फॉलो एवं लाइक कर लोग

## हजारों लोगों ने की ऑनलाइन सहभागिता, पुलिस की पहल की हुई सराहना



### ठगी की घटनाओं को रोकने की कवायद

फाइनेंशियल एक्सपर्ट प्रतीक जान द्वारा साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देने वाले विभिन्न साइट के संबंध में बताया गया। उन्होंने कहा कि अपना पैसा हड़बड़ी अथवा जल्दबाजी में कहीं भी ना लगावे, सर्वप्रथम उस माध्यम की प्रामाणिकता एवं पंजीयन के संबंध में भली-भांति जानकारी प्राप्त करें, उसके बाद ही अपना पैसा इन्वेस्ट करें। वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले अपराधी आपको तरह-तरह के फायदे वाली योजनाएं एवं ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर इन्वेस्ट करने के लिए कहेंगे, लेकिन आपको हमेशा सजग एवं सावधान रहने की आवश्यकता है, जिससे आप वित्तीय धोखाधड़ी से बच सकते हैं। लाइव कार्यक्रम में पुलिस लाईन बलौदाबाजार के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, थाना के पुलिसकर्मी, एवं अन्य नागरिक सहित ऑनलाइन हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए तथा संपूर्ण ऑनलाइन लाइव कार्यक्रम की सराहना की गई।

साइबर जागरूकता संबंधी लाइव खाकी टॉक्स कार्यक्रम में सहभागी बने।फेसबुक लाइव कार्यक्रम में पुलिस अधावना गुप्ता द्वारा शेयर ट्रेडिंग एवं म्यूल अकाउंट से होने वाले वित्तीय धोखाधड़ी के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार साइबर ठग शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा, क्रिप्टोकरंसी एवं म्यूल अकाउंट ओपन कर मुनाफे का लालच देकर लोगों को ठगी करते हैं। भावना गुप्ता द्वारा बतलाया गया कि कैसे ज्यादा पैसे मिलने के लालच में आकर लोग अपनी जमा पूंजी गंवा देते है इसलिए साइबर ठगों से हमेशा सावधान रहें। अपना पैसा इन्वेस्ट करने के लिए हमेशा प्रमाणित एवं पंजीकृत माध्यमों का ही उपयोग करें।

## आक्रोश : बिजली दरों में 1.89% वृद्धि को बताया जनविरोधी

# बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, एई दफ्तर का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार के द्वारा लगातार चौथी बार बिजली के बिल में भारी बढ़ोतरी के विरोध में शुक्रवार को पलारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सहायक यंत्री( एई )कार्यालय पलारी का घेराव किया इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई।

गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 11 जुलाई को सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसतन 1.89 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी गई है यह नई दरें 1 जुलाई से लागू हो चुकी है जिसके कारण आम जनता और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है इस वृद्धि को तत्काल निरस्त कर पूर्व दरों को पुनः लागू करने की मांग को लेकर ब्लाक कॉंग्रेस ने छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के सहायक यंत्री कार्यालय को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया ।



इस दौरान कॉंगेस ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश पूरे देश में एक अकेला ऐसा राज्य है जहां जल जंगल और कोयला खुद उत्पादन करता है जिसके बावजूद यहां की उपभोक्ता को भाजपा सरकार के द्वारा मंहगी दर मे बिजली दे रही है, वही कई अवसरों पर बिजली कटौती का भी सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अब ऐसे अन्याय को कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी ने किया।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, बिजली न्याय आंदोलन के ब्लाक प्रभारी पदमेश्वरी साहू, पूर्व जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, न.पं अध्यक्ष पलारी गोपी साहू, सदस्य जिपं शैलेन्द्र बंजारे, रवि बंजारे, सुनील कुमार साहू, रोहित साहू, झड़ीराम कन्नौजे, लोकेश कन्नौजे, प्रवीण धुरंधर, विरेन्द्र महेश्वरी, पुनीत रजक, लीलाधर, सुरेंद्र, रामानंद, अंकित, शिवम, हर्षु वर्मा रामनारायण, श्याम लाल, ईश्वर गुलाब यदु, रिंकू वर्मा, रिंकू साहू, पार्वती सारथी आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# एनएबीएल से प्रमाणित हुई श्री सीमेंट रायपुर की प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ वैश्विक मान्यता प्राप्त रिपोर्ट जारी करने में सक्षम

श्री सीमेंट लिमिटेड की रायपुर इकाई स्थित गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला को नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज की मान्यता प्राप्त हुई है। यह प्रतिष्ठित मान्यता प्रयोगशाला की तकनीकी दक्षता, सटीकता और गुणवत्ता नियंत्रण की उत्कृष्टता को दर्शाती है। यह मान्यता आईएसओ/आईईसी 17025 अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर प्रदान की गई है, जो यह सुनिश्चित करती है कि प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण परिणाम न केवल सटीक और भरोसेमंद हैं, बल्कि वे वैश्विक स्तर पर भी मान्य हैं। इस प्रमाणन के तहत रायपुर की प्रयोगशाला अब अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशाला मान्यता सहयोग और एशिया पैसिफिक एक्रिडिटेशन कोऑपरेशन के म्यूचुअल रिकग्निशन अरेंजमेंट के अंतर्गत कार्य करेगी, जिससे इसके जारी किए गए रिपोर्ट अब अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हो गए हैं।

### सतत प्रयासों का परिणामः नीरज अखौरी

इस उपलब्धि पर श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नीरज अखौरी ने कहा कि एनएबीएल मान्यता हमारी गुणवत्ता और तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम है। यह हमारे हितधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है और हमें वैश्विक मानकों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। यह मान्यता कंपनी की नवाचार प्रेरित कार्यशैली और प्रदर्शन केंद्रित दृष्टिकोण को भी प्रमाणित करती है। रायपुर की यह प्रयोगशाला संयंत्र की उत्पादन गुणवत्ता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, और अब यह भारत की उन चुनिंदा प्रयोगशालाओं में शामिल हो गई है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय परीक्षण मानकों के अनुरूप कार्य करने की मान्यता प्राप्त है।

# डॉ. खूबचंद बघेल की 125वीं जयंती पर कुर्मी समाज का समारोह आज

**खरोरा** । डॉक्टर खूबचंद बघेल के 125 वीं जयंती के अवसर पर आगामी 19 जुलाई शनिवार को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के सामाजिक महापुरुषों की प्रतिमा अनावरण एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण तथा स्वजातीय जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा एवं रायपुर राज सचिव सुनील नायक ने बताया कि आगामी 19 जुलाई दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा, पुरोधा एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर खूबचंद बघेल जी के 125 वीं जयंती समारोह के अवसर पर सामाजिक महापुरुष छत्रपति शिवाजी महाराज, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉक्टर खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद महाराज, दानवीर दाऊ भोलाराम कुर्मी, दानवीर तुलाराम परगनिहा, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय अनंत राम बरछिहा के प्रतिमा का अनावरण पश्चात समाज के स्थानीय निकाय मे नव निर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के प्रमुखों की उपस्थिति में नरदहा स्थित स्वर्गीय अनंत राम बरछिहा बहुउद्देशीय भवन में प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित है इसके पूर्ण सुबह 8 बजे डॉ खुबचंद बघेल व्यावसायिक परिसर फूल चौक रायपुर मे डॉ बघेल जयंती कार्यक्रम संपन्न होगा।

### इन्होंने की अपील

सामाजिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, उपाध्यक्ष मोती राम वर्मा, आर सी वर्मा, मीना वर्मा, महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल, मंत्री जीवराखन वर्मा, यशवंत वर्मा, सचिव संतोष अडील, कार्यालय सचिव मोहित वर्मा, अकेंक्षव महेंद्र कश्यप, कार्यालय प्रभारी रामचंद्र वर्मा, केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, केंद्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, राज प्रधान पलारी रामखिलावन वर्मा, हरिराम वर्मा अर्जुनी, सुनीता वर्मा बलौदाबाजार, ठाकुर राम वर्मा तिल्दा, नीलमणि परगनिहा धरसीवां, जागेश्वर वर्मा रायपुर, चिंता राम वर्मा चंदखुरी, सत्यभामा परगनिहा धमधा, युगल किशोर आडिल पाटन, ईश्वर वर्मा दुर्ग, समस्त केंद्रीय कार्यकारिणी ने स्वजाति बंधुजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति हेतु अपील की है।

# बिजली बिल में वृद्धि के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस ने किया आंदोलन



**लवन** । छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि की गई है जिससे जनता के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जिसको संज्ञान में लेते हुए जनहित में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा के निर्देश पर बिजली न्याय आंदोलन के तहत प्रदेश सरकार की इस जनविरोधी नीति के विरोध में बिजली ऑफिस लवन का घेराव किया।

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन अध्यक्ष गुरुदयाल यादव, ब्लॉक प्रभारी अभिनव यदु, सतीश पाण्डेय, मृत्युंजय पाण्डेय, देवीलाल बार्वे, कोमल वर्मा, अखिलेश जोशी, मृत्युंजय वर्मा, बीरेंद्र कुर्रे, प्रेमलता बंजारे, कमल नारायण प्रजापति, रूपचंद मनहरे, प्रकाश ताम्रकार, अजय बार्वे, गुरुदयाल लोधी, अभिषेक पाण्डेय, राजेश साहू, नीलकंठ फेकर, कांति मनहरे, महेश कुर्रे, सकुंतला ध्रुव, आशा कोशरिया, सुरति चतुर्वेदी, राकेश चतुर्वेदी, रुपलाल कुर्रे, निखिल कुर्रे,मुरारी साहू, येशु दास निराला आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# 15 दिन बाद खुली सुहेला की राशन दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम सुहेला के शासकीय उचित मूल्य की दुकान बीते 15 दिनों से बंद पड़ी थी, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश और निराशा व्याप्त थी। तीन महीने से राशन विशेषकर चावल नहीं मिलने के कारण लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर हरिभूमि ने 16 जुलाई को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की।

खबर के प्रकाशित होते ही प्रशासन हरकत में आ गया। तहसीलदार सुहेला किशोर कुमार वर्मा ने तत्काल वितरण केंद्र का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विक्रेता को नियमित रूप से दुकान खोलने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के बाद वितरण केंद्र को पुनः चालू किया गया। पुराने अंगूठे लगाकर राशन के लिए पंजीकृत लाभार्थियों को तत्काल चावल वितरण शुरू किया गया। वहीं शेष बचे ग्रामीणों के लिए चरणबद्ध वितरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके साथ ही जुलाई माह का राशन जिसमें नमक व शक्कर शामिल है, उसका वितरण भी प्रारंभ कर दिया गया है।




### ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह और संतोष

दुकान के दोबारा खुलने और राशन मिलने से ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह और संतोष देखा गया। प्रशासन की त्वरित कार्यवाही एवं मीडिया की भूमिका की ग्रामीणों ने सराहना की। तहसीलदार सुहेला किशोर कुमार वर्मा ने बताया कि पटवारी का रिपोर्ट आया है जांच किया है तो सब सही है बताया बीच में उसका तबियत खराब था 4 दुकान संभाल रहा है इसलिए नहीं खोल पाया था बंद तो था, 15 दिन बंद था यह बात सही है बाकी पब्लिक से असंतोष प्राप्त नहीं हुआ है अब वह रेगुलर खोलेगा दिक्कत नहीं होगी बताया गया।

## पेज 9 के शेष

### सकरी का रपटा...

मुख्यालय बलौदाबाजार आने-जाने वाले आम लोग बेहद परेशान हैं। क्षेत्रीय नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों एवं व्यापारियों ने शासन-प्रशासन से तत्काल इस पुल और सड़क मार्ग के निर्माण की मांग की है, जिससे आम जनजीवन को राहत मिल सके और विशेषकर विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

### ईडी की छापेमारी...

महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आ रहा और न ही आवेदन फॉर्म भरवा कर महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है यहां तक कि इस डबल इंजन की सरकार में कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिल पा रहा। इससे यहां की जनता त्रस्त होती जा रही है। बेहतर होगा कि विष्णु देव साय सरकार भूपेश बघेल से राजनीतिक दुश्मनी न निभाते हुए छत्तीसगढिया रीति रिवाज धारण करे और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करें।

भाजपा की सरकार के मुखिया अपनी घृणित षडयंत्र से छत्तीसगढ़ की जनता को गुमराह नहीं कर सकती क्योंकि जनता जनार्दन सभी सुन और देख रही है, समय आने पर अपने नेता भूपेश बघेल के अपमान का बदला जरूर लेगी।

### पशु मालिकों को...

समीक्षा करते हुए कहा कि पशुओं क़ो रेडियम बेल्ट पहनाने एवं टैगिंग के लिए कार्ययोजना बनाएं। नोडल अधिकारियों क़ो 4 से 5 गांव आवंटित कर जिम्मेदारी दें एवं उनका मोबाइल नंबर पंचायत क़ो दें। गांव में पशु सखी क़ो सक्रिय करें, क़ृषि समिति क़ी बैठक लें। उन्होने घुमन्तु पशु प्रबंधन में बेहतर कार्य करने पर पंचायतों क़ो सम्मानित करने कहा।

**ये रहे उपस्थितः** बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. नरेंद्र सिंह सहित सरपंच, सचिव, गौशाला संचालक उपस्थित थे।

### भाटापारा में अवैध ...

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों एवं सार्वजनिक स्थलों में शराब पीने वाले तथा अवैध चठना सेंटर का संचालन करने वाले असामाजिक तत्वों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है।

वाले एवं अवैध चखना सेंटरों एक साथ आकस्मिक दबिश देकर आरोपियों को किया गिरफ्तार किया। आरोपियों से अलग-अलग मामलों मे महुआ शराब एवं देसी मसाला शराब जब्त किया गया।

### हम भी प्रकृति...

मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को एक पेड़ मां के नाम अभियान इसलिए कहा गया कि पेड़ से हम जुड़ पाएं। सबसे पवित्र रिश्ता मां का होता है। मां के लिए इससे बड़ा सम्मान और कुछ नहीं हो सकता। मां के सम्मान में यह आज हम सब पेड़ लगा रहे हैं। जितना सम्मान मां का होता है उतना ही सम्मान पेड़ का भी होता है। वृक्षों से ही धरती माता का श्रृंगार होता है। इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, सरपंच नारायण यदु, मंडल अध्यक्ष नियनिया मथुरा यदु, भाजपा नेता महेश वर्मा, राजेश पटेल, चेतन वर्मा सहित ग्राम के जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन



**भाटापारा।** शा. प्रा. शाला भरतपुर (ग्राम पंचायत- भरतपुर) में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। शा. प्रा. शाला भरतपुर के प्रधानपाठक कुमार डिसुजा ने जानकारी प्रदान किया कि 17 जुलाई को ग्राम पंचायत भरतपुर के शा. प्रा. शाला में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम पंचायत के सरपंच अंजु बाई ध्रुव व विशेष अतिथि के रुप में उपसरपंच प्रतिनिधि धन्ना लाल टंडन, शंभुनाथ ध्रुव , रुपा बाई महिलांगे, मंजु टंडन, झुनउ राम, रोहित यादव समस्त पंचगण, पालक व ग्रामवासी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष के रुप में मिलाप दास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष कालिन्द्री बाई, शिक्षाविद्य सुखराम ध्रुव , सचिव के रुप में प्रधानपाठक कुमार डिसुजा, कोषाध्यक्ष सहा. शिक्षक गणेश राम यदु एवं सदस्य बिसनी बाई, कुंजन डहरिया , समारु ध्रुव, सतीश ध्रुव, कौशल्या, कमलेश कुर्रे, विजय, राहुल डहरीया, प्रद्योत अग्रवाल, सम्मत बाई का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहा. शिक्षक रोहित कुमार दिवाकर, सहा. शिक्षक रामेश्वर प्रसाद वर्मा एवं सोनिया टंडन, सरिता कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु भाटापारा शहर में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000
दिनांक - 19 जुलाई से 22 जुलाई 2025
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
98271-66722
99262-91392
आयुष न्यूज एजेंसी
जयस्तंभ चौक, भाटापारा (छ.ग.)

ॐ

फीचर इम्पैक्ट

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED




श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये




इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN
**FOR THE SESSION 2025-26**

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical Artificial • Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S)
  Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S)
  Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit • Yoga • Political Science • History • Geography • Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology • Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**
प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiuniversity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्याथियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा ।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

SCAN ME

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

## खबर संक्षेप



### हरदी में शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**गोपालपुर** | शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ संकुल रोहिना में शाला प्रबंधन समिति का बैठक संपन्न हुआ। भगत राम लहरे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, दिलीप कुमार लहरे शिक्षाविद की गरिमामय उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ जिसमें शाला के सर्वांगीण विकास हेतु चर्चा हुई। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ के प्रधान पाठक रामदुलार निराला ने शाला सुरक्षा, नियमित उपस्थिति, शाला समय सारणी, शाला प्रवेश उत्सव, गणवेश वितरण, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के संचालन और गुणवत्ता, अंगना म शिक्षा कार्यक्रम, शाला अनुदान राशि के व्यय पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित माताओं लता खूंटे, जया खूंटे, लक्ष्मीन बाई खूंटे,निर्मला खूंटे, सुखबाई को बच्चों के पढ़ाई में सहयोग देने हेतु कहा गया।

### साइबर सुरक्षा को लेकर बच्चों को दी गई जानकारी





**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के तहत पलारी परियोजना अंतर्गत दाऊ खुमान सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बालिकाओं के बेहतर भविष्य एवं सुरक्षा के लिए साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साइबर सुरक्षा कार्यक्रम में साइबर ब्रांच इंस्पेक्टर प्रणाली वैद्य, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, चाइल्ड लाइन परियोजना समन्वयक नेहा तिवारी ने डिजिटल जानकारी और प्रणालियों को साइबर हमलों और अनधिकृत पहुंच से बचाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन, साइबर सुरक्षा के कुछ सामान्य प्रकार के बारे मे जानकारी दी गई।

### शिक्षिका ने बेटे के जन्मदिन पर स्कूल में कराया भोज



**खरोरा** | नारायण दास बगड़िया पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा में विद्यालय के शिक्षिका शारदा वर्मा अपने पुत्र श्रेयांश वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर भोज कराया। जिसमें बच्चों को चावल दाल, आलू चने की सब्जी, पूड़ी, मिठाई भोज करा बच्चों एवं बड़े बुजुर्गों, वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। शाला के प्रधान पाठक वीरेंद्र टंडन में इस आयोजन के लिए शिक्षिका शारदा वर्मा का आभार व्यक्त किया, साथ ही साथ ऐसे खुशी के पल में नेवता भोज का आयोजन को प्रोत्साहन देने का विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य राजेश कुमार चंदानी, संकुल समन्वयक विनोद कुमार वर्मा, प्रधान पाठक वीरेंद्र टंडन, स्वाति उइके, चित्ररेखा लहरी, ज्योति सोनी, अमर बर्मन, देवकी बाघमार, बेबी गोस्वामी, एवं समस्त विद्यालयीन छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### महुआ शराब जब्त युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद**। ग्राम धनसुली में एक युवक के पास से महुआ शराब जब्त किया गया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम धनसुली के आरोपी रवि शंकर विश्वकर्मा पिता नुनकर विश्वकर्मा (32 वर्ष) के कब्जे से कुल छह लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त किया गया।

आक्रोश : कांग्रेस की आदिवासी विरोधी साजिश अब खुलकर सामने : डॉ. सनम जांगड़े

# 32 हजार के वाटर जग खरीदी में भ्रम फैलाकर मुख्यमंत्री को अपमानित करने की साजिश कर रही कांग्रेस : आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बलौदाबाजार पहुंच कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह को भ्रामक झूठी खबर को प्रचारित करने वाले कांग्रेसजन के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने के आशय का ज्ञापन सौंपा।

भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कांग्रेस पर करारा हमला करते हुए कहा कि जिसकी जैसी आंख, वैसी उसकी दृष्टि चूंकि कांग्रेस आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी पार्टी है, कोयला से लेकर शराब तक, पीएससी से लेकर बोरे बासी तक, गोबर से लेकर महादेव सट्टा तक इसलिए उसे एक कर्मठ और निष्ठावान मुख्यमंत्री में भी भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है। यह बड़ी विडंबना और हास्यास्पद है जो खरीदी हुई ही नहीं उसका स्क्रीन शॉट भ्रम फैलाने के लिए कर रही है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को शर्म आना चाहिए। बलौदाबाजार जिले के आदिवासी विकास विभाग की छात्रावास हेतु 'वाटर जग' खरीदी को लेकर जो भ्रामक पोस्ट कांग्रेस नेताओं और उनके आईटी सेल द्वारा फैलाई गई है, वह पूरी तरह तथ्यहीन, दुर्भावनापूर्ण और आदिवासी समाज के स्वाभिमान पर हमला है। आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बदनाम करने के उद्देश्य से कांग्रेस अब फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर कूटरचित अपराधिक षडयंत्र करने लगी है।

जबकि तथ्य यह हैं – वाटर जग खरीदी का प्रस्ताव 23 फरवरी 2025 को जेम पोर्टल पर ही निरस्त कर दिया गया था, ना कोई भुगतान हुआ, ना ही कोई आपूर्ति। कुल 51 लाख की संभावित राशि केवल प्रारंभिक तकनीकी प्रक्रिया का हिस्सा थी, जेम पोर्टल की प्रक्रिया में मूल्य और गुणवत्ता की जांच के बाद ही अंतिम स्वीकृति दी जाती है। इस प्रकिया का पालन करते हुए 200 में जग की खरीदी की गई है, छात्रों के हितों और आदिवासी बच्चों के अधिकारों की रक्षा प्राथमिकता है, हर खरीदी भंडार क्रय नियमों के तहत होती है।

ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर, भाजपा नेता धनंजय साहू, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष द्वय नीलम सोनी, नरेश केशरवानी, जिला मंत्री सुनीता वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष रवि वर्मा, वरिष्ट भाजपा नेता पुरुषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल, जिला संयोजक आई टी सेल नेतरंजन निर्मलकर, पुरुषोत्तम साहू, नरोत्तम बघेल, भगवानी ध्रुव, जिला संयोजक सोशल मीडिया हितेश रात्रे, जिला सह संयोजक आई टी सेल योगेश योगी वर्मा एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



### आदिवासी विरोधी साजिश अब खुलकर आई सामनेः यादव

यादव ने कहा कि कांग्रेस की समस्या यह है कि छत्तीसगढ़ को पहली बार एक वास्तविक, जमीनी, आदिवासी मुख्यमंत्री मिला है ये बात कांग्रेस और उसके शहजादे राहुल गांधी को हज़म नहीं हो रहा। जिस कांग्रेस ने आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चुनाव का विरोध किया, आज वही पार्टी आदिवासी बच्चों के संसाधनों को लेकर झूठ फैला रही है। अब कांग्रेस की आदिवासी विरोधी साजिश अब खुलकर सामने आ रही है। छत्तीसगढ़ की जनता जानती है कांग्रेस आदिवासियों के चप्पल से लेकर उनका 32% आरक्षण छीनने वाली पार्टी है, कांग्रेस आदिवासियों स्थानीय भर्ती का अधिकार छीनने से लेकर **DMF** के पैसा को गांधी परिवार को भेजने वाली पार्टी है।

### आदिवासी सम्मान को अपमानित करना कांग्रेस की रणनीति

कांग्रेस का अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म जानबूझकर एक निरस्त प्रस्ताव को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है ताकि प्रदेश की ईमानदार और पारदर्शी भाजपा सरकार को बदनाम किया जा सके। यह कोई पहला मामला नहीं है – राहुल गांधी का बार-बार छत्तीसगढ़ आकर जनजातीय समाज को भड़काना, आदिवासी मुख्यमंत्री को "कठपुतली" कहना, और आदिवासी सम्मान को अपमानित करना अब कांग्रेस की रणनीति बन चुकी है।

## सोशल मीडिया पर झूठी खबर फैलाने के खिलाफ भाजपा का विरोध



**सुहेला** | छत्तीसगढ़ में सोशल मीडिया पर आदिवासी विकास विभाग से संबंधित एक भ्रामक समाचार के प्रसारण को लेकर सियासत गरमा गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश भर के सुहेला थाना में ज्ञापन सौंपा है।भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया पर वाटर जग खरीदी में अनियमितता संबंधी एक खबर प्रसारित की गई, जो पूर्णतः झूठी, भ्रामक और निरस्त आदेश पर आधारित है। भाजपा नेताओं का कहना है कि जिस क्रय आदेश का उल्लेख कांग्रेस समर्थित पोस्ट में किया गया, वह 23 फरवरी 2025 को पहले ही निरस्त किया जा चुका था। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुहेला हेमंत कुमार बाघमार के नेतृत्व में विभिन्न कार्यकर्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया, युगल किशोर वर्मा, धनीराम साहू, रामकुमार, दीपक वर्मा आदि भारी संख्या में स्थानीय थाना पहुंचे और दोषी व्यक्तियों और संस्था पर कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि इस तरह की झूठी खबरों से न केवल सरकार की छवि को ठेस पहुंचती है, बल्कि जनता में भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न होती है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज, सरकार की छवि धूमिल करने का लगा आरोप

**भाटापारा**। भाजपा भाटापारा विधानसभा के शहर मंडल, ग्रामीण मंडल, नियनिया मंडल ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ जग खरीदी को लेकर झूठ बोलकर प्रदेश में भ्रम फैलाने के लिए विधि समत कानूनी कार्रवाई करने की मांग है। मंडल अध्यक्षो एवं कार्यकर्त्ताओ की ओर से इसे लेकर शहर, ग्रामीण पुलिस थाना एवं नियनिया पुलिस चौकी में आवेदन सौंपा गया। क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्षो ने बताया कि पुलिस को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय कांग्रेस, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने 15 और 16 जुलाई को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वाटर जग की खरीदी के नाम पर भ्रामक जानकारी फैलाई।



**मुख्यमंत्री के चेहरे को धूमिल करने का प्रयास_** साथ ही कांग्रेस द्वारा अपने सोशल मीडिया पोस्ट कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वाटर जग के नाम पर न ही कोई खरीदी हुई और न ही कोई भुगतान हुआ है। इधर प्रदेश कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री साय के लिए जनजातीय सीएम का कमीशन शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से गलत है। पत्र में इस मामले में उक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं इसे संचालित करने वाले व्यक्ति पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

इस अवसर पर थानो में योगेश अनंत मंडल अध्यक्ष शहर, पवन वर्मा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, मथुरा यदु निपनिया मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु, भाजपा मंत्री महाबल बघेल, अध्यक्ष अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष मोहन बांधे, अविनाश शर्मा, गोपाल देवांगन, उमाशंकर वर्मा, ठाकुर राम साहू, आशीष टोडर, पीलू वर्मा, राजेश पटेल, बृजेश निषाद सहित महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### भ्रामक आरोप पर कार्रवाई करने की मांग

**लवन** | छत्तीसगढ भाजपा के आलाकमान के निर्देशानुसार भाजपा मंडल लवन के मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी की अगुवाई मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने लवन थाना पहुंचकर कांग्रेस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई विदित हो की कुछ दिन पहले कांग्रेस के द्वारा सोशल मिडिया मे आदिवासी विकास विभाग द्वारा वाटर जग खरीदी मे अनियमितता संबंधी भ्रामक खबर प्रसारित किया गया जिसका संज्ञान लेने पर ज्ञात हुआ कि उक्त खबर पूर्ण रुप से कपोलकल्पित,मनगढंत मिथ्या और असत्य है। जिस क्रय आदेश का उल्लेख सोशल मिडिया मे कांग्रेस द्वारा प्रसारित किया गया वह 23 फरवरी 2025 को निरस्त किया जा चुका है फिर भी एक निरस्त किए हुए आदेश को आधार मानकर दुर्भावनावश कांग्रेस के द्वारा सरकार के खिलाफ गलत खबर प्रचारित प्रसारित किया जा रहा है, जिससे आम जनमानस मे सरकार के प्रति विपरीत वातावरण निर्मित हुआ है जिससे कांग्रेस के खिलाफ भाजपाईयो मे काफी रोष व्याप्त है। आज के इस कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यादव, जिला महामंत्री युवा मोर्चा प्रशांत यादव, महामंत्री चन्द्रभूषण वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष महिला मोर्चा तृप्ति विश्वास, तोशकुमार यादव, महामंत्री किसान मोर्चा पंकज अग्रवाल, कुसुम बाई वर्मा, जन्मेजय टंडन के अलावा बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।



### सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री पोस्ट करने वालों पर प्रशासन क़ी पैनी नजर

**बलौदाबाजार** | विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्म पर किये जा रहे पोस्ट पर जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से कड़ी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आदिवासी विकास विभाग बलौदाबाजार में छात्रावासों के लिए वाटर जग खरीदी करने से सम्बधित भ्रामक सामग्री पोस्ट पर जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लिया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला स्तरीय सोशल मीडिया मॉनिटरिंग समिति द्वारा जांच उपरांत अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट करने वाले दो लोगों क़ो नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी सोशल मीडिया यूथ कांग्रेस के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राजू कुमार द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स एवं साजा भिलाई, जिला दुर्ग निवासी डिजिटल क्रिएटर सितम बंजारे के द्वारा अपने फेसबुक हैंडल से बलौदाबाजार भाटापारा जिले में आदिवासी छात्रावासों के लिए जैम पोर्टल के माध्यम से जग खरीदने के सम्बन्ध में लेख एवं इमेज साझा किया गया है। उक्त प्रसारण के सम्बन्ध में तथ्यात्मक जानकारी सहित अपना पक्ष रखने हेतु 20 जुलाई 2025 क़ो अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार कार्यालय में प्रातः 11 बजे उपस्थित होने हेतु नोटिस जारी किया गया है। ।

- **अब तक दो लोगों क़ो जारी हो चुका है नोटिस**

### भ्रामक प्रचार करने वालों के खिलाफ भाजपाइयों का हल्लाबोल



**सिमगा** | प्रदेश कांग्रेस कमेटी और उनके नेताओं के द्वारा किए गए भ्रामक प्रचार के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी के नेतृत्व में थाना सिमगा प्रभारी को सोशल मीडिया में झूठी अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ उचित और कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर धीरज जैन, महामंत्री छोटू यादव, महामंत्री योगेश राहुल साहू, अभिजीत अवस्थी, कोषाध्यक्ष विकास सोनकर, उपाध्यक्ष सूर्यकान्त ताम्रकार, परस पाटकर, प्रशांत देवांगन, माया सलूजा, विष्णु जायसवाल, भागवत वर्मा, नीरज शर्मा, एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बड़ी संख्या में युवाओं ने किया कांग्रेस में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेंद्र जायसवाल, अनिल साहू, निखिलेश त्रिवेदी, दुजेराम यादव, लखेश साहू, गणेश शंकर साहू, दीपक साहू, तरुण खटकर, कमलेश्वर यदु, गोल्डी मरैया, सूर्यकांत वर्मा, जय ठाकुर, जय नायर, जय बाघमार, राहुल नेगी राजा वर्मा, राहुल पांडेय की उपस्थिति में लूटुवा निवासी धर्मेन्द कोशले, ज्वाला जोशी, रमेश टंडन, कृष्णा टंडन, उदय चंद बघेल, शत्रुघ्न यादव, मनीराम यादव, कार्तिक जोशी रामपाल टंडन, सुग्रीत धृतलहरे, गुड्डू बघेल, संतोष डहरिया, मोनू जोशी, प्रकाश जोशी को जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कांग्रेस गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया।




## रेडी टू ईट निर्माण व आपूर्ति करने के लिए दिया प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार** | महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सक्षम पोषण 2.0 के तहत जिले में पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट शक्ति आहार एवं पौष्टिक नमकीन दलिया का निर्माण वितरण हेतु फर्म ऑफ सोसायटी के तहत पंजीकृत चयनित महिला स्व सहायता समूहों का शुक्रवार को जनपद पंचायत सभा कक्ष बलौदाबाजार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में समस्त 7 परियोजनाओं से चयनित महिला स्व सहायता समूहों के अध्यक्ष, सचिव एवं समूह की एक -एक सदस्य ने भाग लिया। प्रशिक्षण में स्व. सहायता समूहों को रेडी टू ईट शक्ति आहार निर्माण हेतु स्थल चयन, मशीनरी (सामग्री की बुनाई, मिक्सिंग, पैकिंग इत्यादि), केन्द्र से लेकर परियोजना अधिकारियों तक मांग पत्र, विभिन्न प्रकार के संधारित पंजी इत्यादि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी मास्टर ट्रेनर्स आदित्य शर्मा सहित परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



जल संरक्षण के साथ महिलाओं को मिला रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर

## मनरेगा से तालाब गहरीकरण एवं पचरी निर्माण कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के भाटापारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेली में ग्रामीण विकास और जल संरक्षण क़ी दिशा में बेहतर कार्य किया गया है। मनरेगा योजना के अंतर्गत यहां छोटे तालाब का गहरीकरण एवं पचरी निर्माण का कार्य न सिर्फ ग्रामीणों की ज़रूरत बना, बल्कि महिलाओं के लिए आजीविका और आत्मनिर्भरता का नया अवसर भी मिला है। तालाब का गहरीकरण होने से समूह क़ी महिलाएं मछलीपालन कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर हुई।

धनेली तालाब का एक हिस्सा वर्षों से उपेक्षित था। उसमें गाद भर चुकी थी, जिससे जल संग्रहण क्षमता घट गई थी। इससे किसानों को सिंचाई में परेशानी होती थी और गर्मियों में जल संकट विकराल रूप ले लेता था। ऐसे में गांव के लोगों की मांग पर पंचायत द्वारा तालाब क़ी गहरीकरण के साथ-साथ उसके एक किनारे पचरी निर्माण का प्रस्ताव रखा गया ताकि वर्षाजल को संरक्षित रखा जा सके और ग्रामीणों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। इस कार्य में महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। उन्होंने न सिर्फ निर्माण कार्य में श्रमदान किया, बल्कि कार्यस्थल पर स्वच्छता, निगरानी और समन्वय की जिम्मेदारी भी संभाली। इससे उन्हें रोजगार मिला, आत्मविश्वास बढ़ा और वे ग्राम विकास की भागीदार बनीं। पहले जहां तालाब में करीब 800-900 घन मीटर जल भराव होता था, अब वह बढ़कर 1500 घन मीटर तक पहुंच गया है। तालाब गहरीकरण से गांव के करीब 20 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई संभव हो पाई है। साथ ही मछली पालन जैसी गतिविधियों की संभावनाएं भी खुल गई हैं, जिससे ग्रामीणों की आय में इजाफा हुआ है।



